The efficiency catalyst

CIN: L72100DL1993PLC179154

**FCS/STX/40/2020**

**31st July, 2020**

To,
The Bombay Stock Exchange Ltd.,
Corporate Relationship Department,
P J Tower, Dalal Street,
Mumbai- 400001

National Stock Exchange of India Limited
Exchange Plaza, Plot No. C/1, G Block,
Bandra Kurla Complex, Bandra (E),
Mumbai- 400051

Dear Sir,

**Subject: - Intimation of Newspaper advertisement of 193rd Board Meeting held on 29th July, 2020**

Ref: Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015.

Pursuant to requirement of Regulation 30 read with Regulation 47 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, please find enclosed herewith the copy of newspaper advertisement with respect to outcome of 193rd Board meeting held on 29th July, 2020 and published in the following newspapers on 31st July, 2020:

1. Financial Express, New Delhi – English Newspaper
2. Haribhoomi, New Delhi- Hindi Newspaper

This is for your information and records.

Thanking You,

**Yours faithfully,**
For **FCS Software Solutions Limited**

FCS Software Solutions Ltd.
Company Secretary

(Harsha Sharma)
**Company Secretary**
**Membership No-** A33548

business processes collaborative platforms enterprise interfaces

## नंद नगरी इलाके की घटना

# मां-बेटे को बंधक बनाकर डकैती करने वाले तीन बदमाश चढ़े हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

क्राइम ब्रांच ने नंद नगरी इलाके में मां-बेटे को बंधक बनाकर दी गई डकैती की वारदात को महज 48 घंटों में सुलझाने का दावा किया है। दिनदहाड़े अंजाम दी गई इस डकैती के आरोप में फिलहाल तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से लूटी गई रकम में से 3.77 लाख रुपये भी बरामद हुये हैं। गिरफ्तार किये गये तीनों बदमाशों के नाम मोहम्मद चांद, जावेद और सलीम बताये गये हैं। तीनों बदमाश लोनी, गाजियाबाद के रहने वाले हैं।

पुलिस के अनुसार 26 जुलाई को दोपहर पौने चार बजे सुनील शर्मा नामक शख्स ने पीसीआर कॉल की थी। उन्होंने बताया था कि वह घर में बुजुर्ग मां के साथ मौजूद थे। इसी दौरान पांच हथियारबंद बदमाश उनके घर में घुस आये और गन प्वाइंट पर लेकर 35 से 40 तोला सोना और लगभगत सवा 14 लाख रुपये कैश व आधा किलो चांदी लूटकर ले गये। बदमाशों ने उनका मोबाइल फोन भी लूट लिया था। बदमाशों ने लूटपाट के दौरान उनकी मां को चोट भी पहुंचाई थी। दयालपुर थाने में डकैती का केस दर्ज किया गया था। जांच क्राइम ब्रांच भी कर रही थी। सीसीटीवी फुटेज खंगाली गई। संदिग्धों की सीडीआर के जरिये हापुड़ और लोनी में छापेमारी हुई। इसी बीच सूचना मिली कि वारदात में शामिल बदमाश गुरुवार 30 जुलाई को वजीराबाद रोड पर चांदबाग के नजदीक आने वाले हैं। पुलिस ने ट्रैप लगाकर तीन बदमाशों को लूट के सामान के साथ दबोच लिया।



### कर्ज उतारने के लिये दिया वारदात को अंजाम

पुलिस की पूछताछ में पता चला कि मोहम्मद चांद जुए का आदि है। इसके चलते उस पर काफी कर्ज हो चुका था। कर्जदाता उस पर दबाव बना रहे थे। वह पीड़ित परिवार और उसकी माली हालत को अच्छे से जानता था। कुछ समय पहले शिकायतकर्ता की बहन ने ही उसे भाई के पास रखे पैसों और गहनों के बारे में बताया था। इसके बाद चांद ने अपने दोस्तों जावेद, सलीम और राजू के साथ मिलकर लूट की योजना बनाई। राजू ने बाद में शरीक और रहीस को भी अपने साथ मिला लिया था। 26 जुलाई को सभी नेहरू विहार की गली नंबर छह के मकान नंबर बी-46 पहुंचे और वारदात को अंजाम देकर फरार हो गये थे। पुलिस बाकी दो आरोपियों की तलाश में है।

■ दो बदमाशों की तलाश जारी

## हर बार पकड़े जाने पर चोर पुलिस को बताता था खुद की नई पहचान



**हरिभूमि न्यूज.नई दिल्ली।** सरिता विहार पुलिस ने एक ऐसे शातिर चोर को गिरफ्तार किया है जो हर बार पकड़े जाने पर पुलिस के सामने अपनी नई पहचान पेश करता था। आरोपी का नाम जामिल खान बताया गया है। इसके पास से साढ़े पांच हजार रुपये कैश, दो मोबाइल, दो लैपटॉप बरामद किये गये हैं। आरोपी की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने छह मामले सुलझाने का दावा किया है। इनमें अपोलो अस्पताल में चोरी का केस भी शामिल है। पुलिस को 22 जुलाई को सीमा प्रसाद नामक महिला ने शिकायत दी थी। उनकी मां अस्पताल में भर्ती थी। इसी दौरान किसी ने उनका पर्स चोरी कर लिया था। पर्स में पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, आधार कार्ड, दो मोबाइ फोन, क्रेडिट व डेबिट कार्ड और 15 हजार रुपये कैश था। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज के जरिये आरोपी का पता लगाने की कोशिश की। जामिल खान की तलाश में उसके हौज काजी घर पर छापा मारा लेकिन वह गायब मिला। इसके बाद चोरी हुये एक मोबाइल की लोकेशन फरीदाबाद में पता चली। पुलिस लोकेशन के जरिये फरीदाबाद पहुंची और बुधवार को पल्ला बाईपास फरीदाबाद से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। चोर वहां पर किराये पर घर लेकर रह रहा था। इसके पास से बरामद हुये दोनों लैपटॉप होली फैमिली अस्पताल से चुराये गये थे। इनके संबंध में न्यू फ्रेंड्स कालोनी थाने में केस दर्ज था। इसकी गिरफ्तारी से सरिता विहार थाने के पांच और एक एनएफसी का केस सुलझाया गया है। जांच में पता चला कि आरोपी अब तक करीब 10 चोरी के मामलों में शामिल रह चुका है।

## दहेज में मिली कार हासिल करने के लिए बना चोर

### चाचा ने धोखे से बेची थी भतीजे की स्कॉर्पियो कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

चाचा ने भतीजे के दहेज में मिली स्कॉर्पियो कार को धोखे से बेच दिया। इस पर युवक ने अपनी कार को फिर से हासिल करने के लिए कार चोरी करने की योजना बनाई। युवक ने कार चोरी करने के लिए अपने दोस्त अमन और कार बेचने वाले चाचा अनिल को भी शामिल किया।

इसके बाद आरोपी ने अपने पास रखी दूसरी चाबी से कार उड़ा ली। कार चोरी की शिकायत के बाद प्रीत विहार थाना पुलिस ने मुख्य आरोपी अंकुर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अमन व उसके चाचा अनिल की तलाश कर रही है। पुलिस ने आरोपी के पास से कार बरामद कर ली है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। डीसीपी (ईस्ट) जसमीत सिंह ने बताया कि गत 11 मार्च 2020 को प्रीत विहार में पुरानी कारों के विक्रेता पंकज कुमार ने सी-ब्लॉक की पार्किंग से चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में उन्होंने पुलिस को बताया कि उन्होंने यह कार दिलशाद गार्डन के एक अन्य कार डीलर से वर्ष 2019 में अगस्त माह में खरीदी थी।

पुलिस ने पार्किंग के पास से आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली तो पुलिस को दो युवक कार का गेट खोलकर आराम ले जाते दिखाई दिए। पुलिस ने गुप्त सूचना के बाद आरोपी अंकुर को उसके घर सोनिया विहार से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसे दहेज में स्कोर्पियो गाड़ी मिली थी। उस समय उसके ससुर ने कार को उसके चाचा अनिल के नाम करवा दिया था। चाचा ने चुपचाप धोखे से स्कोर्पियो बेच दी। यह बाद जब अंकुर की पत्नी को पता लगी तो उसे बुरा लगा। इसके बाद उसने अपने दोस्त और चाचा के साथ मिलकर फिर से कार चुराई। पुलिस अमन व अनिल की तलाश की जा रही है।

## साइकिल से जा रहे दंपति को कार ने कुचला, पत्नी की मौत

**नई दिल्ली।** सिविल लाइंस थाना इलाके में एक तेज रफ्तार कार ने साइकिल सवार दंपति को कुचल दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। घायल दंपति को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने बेबी को मृत घोषित कर दिया। वहीं, घायल का नाम प्रिंस कुमार है। पुलिस ने प्रिंस की शिकायत पर मामला दर्ज कर कार चालक को पकड़ लिया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक, प्रिंस ने पुलिस को बताया कि वह लोनी के सरिता विहार इलाके में रहता है। वह राज मिस्त्री का काम करते हैं। वह किसी काम से अपनी पत्नी को लेकर सदर बाजार आया था। दोपहर को वह वापस जाने लगा। जैसे ही वह मजनूं का टीला इलाके में चंदगीराम अखाड़ा के पास पहुंचा, तभी पीछे से सेंट्रो कार ने उन्हें कुचल दिया। मौके पर मौजूद लोगों ने उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया।

## खुद को पेटीएम से बताकर बुजुर्ग से की लाखों की ठगी

हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली। दक्षिणी-पूर्वी जिले के जामिया नगर थाने व जिला साइबर सेल की टीम ने एक शातिर ठग को गिरफ्तार किया है। इस पर एक सीनियर सिटीजन से एक लाख पांच हजार रुपये की ठगी का आरोप है। आरोपी ने खुद को पेटीएम का एग्जीक्यूटिव ऑफिसर बताकर इस वारदात को अंजाम दिया था। गिरफ्तार किये गये ठग का नाम सूरत, गुजरात निवासी अब्दुर रहमान बताया गया है। डीसीपी आर पी मीणा के अनुसार 14 नवंबर 2019 को दिल्ली सरकार के स्कूल से वाइस प्रिंसिपल पद से रिटायर्ड 70 वर्षीय सिद्दिक्की नामक शख्स ने इस बारे में शिकायत जामिया नगर थाने में दी थी। आरोपी ने उन्हें पेटीएम केवाईसी के नाम पर क्विक सपोर्ट एप्लिकेशन डाउनलोड करने की बात कहीं थी। पीडित ने इस दौरान अपना कार्ड व सीवीवी नंबर उक्त शख्स से शेयर किया था। कुछ समय बाद उनके पेंशन अकाउंट से एक लाख रुपये कट गये। पुलिस ने आरोपी को सूरत से गिरफ्तार किया है। आरोपी महज नौंवी पास है। दो साल पहले उसने ताहिर नामक शख्स के साथ मिलकर यह ठगी का धंधा शुरू किया था।

## सवारी समेत कैब लूटकर भागा बदमाश, शोर मचाने पर पकड़ा

**हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली।** वजीराबाद थाना इलाके में कोल्ड ड्रिंक खरीदने उतरे एक कैब चालक की पिटाई कर एक बदमाश ने उसकी कैब लूट ली। बदमाश कैब लेकर मौके से फरार होने लगा। कैब में एक महिला सवारी भी बैठी थी। बदमाश ने महिला का अपहरण भी कर लिया। इस पर महिला ने तुरंत शोर मचा दिया। महिला का शोर सुनकर इलाके में पेट्रेलिंग कर रहे पुलिसकर्मियों ने उसे दबोच लिया। पकड़े गए आरोपी का नाम प्रिंस है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक, कैब चालक नूर अहमद ने एक महिला सवारी को शालीमार बा से लेकर जा रहा था। रास्ते में महिला की तबियत खराब हो गई तो वह गांधी विहार स्थित पेट्रोल पंप के पास एक दुकान से कोल्ड ड्रिंक खरीदने लगा। इसी दौरान आरोपी उसके पास आया और उसके साथ मारपीट कर उसकी कैब लूटकर भागने लगे। इस दौरान महिला भी कैब में बैठी थी। आरोपी ने कैब लूटने के साथ ही महिला का अपहरण कर लिया। इस महिला शोर मचाने लगी। महिला के चिल्लाने की आवाज सुनकर पेट्रोलिंग कर रही पुलिस टीम ने कार का पीछा करके उसे पकड़ा लिया। पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

## कंझावला में बदमाश पर ताबड़तोड़ फायरिंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

कंझावला थाना इलाके में बदमाशों ने एक युवक पर अंधाधुंध गोलियां चला दी। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई।

घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां हालत गंभीर होने पर उसे सफदरजंग अस्पताल में रेफर कर दिया है। उसका अस्पताल में उपचार जारी है और उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। घायल का नाम संदीप है। सूत्रों की माने तो घायल युवक नीतू दबोदिया नामक गैंगस्टर का करीबी है। पुलिस की माने तो संदीप कंझावला इलाके का घोषित बदमाश है। वह बवाना में अजय उर्फ सोनू दादा के अपहरण और उसकी हरियाणा में ले जाकर हत्या के बाद शव को जलाने की वारदात समेत आधा दर्जन से ज्यादा वारदातों में शामिल रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस को मौके से आधा दर्जन कारतूस के खोल मिले। पुलिस घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर आरोपियों की पहचान करने की कोशिश कर रही है।



■ घायल बदमाश के खिलाफ कई मामले है दर्ज

■ पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी

जानकारी के मुताबिक, बुधवार रात करीब नौ बजे कंझावला थाना पुलिस को कंझावला टटेसर गांव के शमशान घाट के पास एक युवक को गोली मारने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने देखा कि युवक सडक पर खून से लथपथ हालत में पड़ा हुआ था और उसके पास उसकी बाइक भी पड़ी थी। संदीप को तुरंत नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां हालत गंभीर होने पर उसे सफदरजंग अस्पताल में शिफ्ट कर दिया। पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि घायल संदीप कंझावला थाने का घोषित बदमाश है। घटना के दौरान वह बाइक से अपने खेत की तरफ जा रहा था।

## ट्रेन के पार्सल डिब्बे से कर रहा था शराब की तस्करी, गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली**
दिल्ली पुलिस ने एक ऐसे शातिर शराब तस्कर को गिरफ्तार किया है, जोकि लॉकडाउन में भी ट्रेन से शराब की तस्करी कर रहा था। पकड़े गए आरोपी का नाम मो. यूसुफ है। आरोपी मधुबनी, बिहार का रहने वाला है। पुलिस की माने तो आरोपी किलो के हिसाब से अपना पार्सल बुक करता था। वह थमार्कोल से अच्छे से शराब को पैक करता है, जिससे इधर उधर फेंकने पर भी बोतल न फूटे। इसके बाद वह रेलवे की पार्सल की पर्ची कटवाकर पार्सल उनके हवाले कर देता है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर मालमे की जांच कर रही है। डीसीपी (सेंट्रल) संजय भाटिया ने बताया कि स्पेशल स्टाफ के इंचार्ज ललित कुमत की टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि एक शराब तस्कर मेट्रो स्टेशन के पास आने वाला है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। उन्होंने मौके पर पहुंचकर अपना जाल बिछा लिया और आरोपी को मौके पर आते ही दबोच लिया। पुलिस को आरोपी के पास से शराब के तीन कार्टून मिले, जिसे उसने अच्छे से थमार्कोल में पैक किया हुआ था। पूछताछ के दौरान आरोपी ने पुलिस को बताया कि बिहार में शराबबंदी होने के कारण वह फरीदाबाद से शराब लेकर जाता था।

मंदी...



**नई दिल्ली।** इस बार ईद पर भी कोरोना का असर दिखाई दे रहा है। यूपी से बकरे बेचने के लिए दिल्ली के जामा मस्जिद के पास लगने वाले बाज़ार में आये शाहिद कहते है कि पिछले कईं सालों से यहां आ रहे हैं। वह ईद से चार दिन पहले ही सभी बकरे बेच कर वापस घर लौट जाते और परिवार के साथ ईद की तैयारियां करते थे। लेकिन इस बार अभी तक दो ही बकरे बिके हैं। फोटो : छत्र सिंह

## चौथी मंजिल से लोहे की रेलिंग पर गिरा शख्स

**हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली**
दक्षिणी जिले के मालवीय नगर थाना इलाके में एक शख्स पैर फिसलकर चौथी मंजिल से नीचे लोहे की रेलिंग पर गिर गया। उसका पैर रेलिंग में अटका हुआ था और शख्स सिर की ओर से नीचे लटका हुआ था। सूचना पर मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों से समझदारी और तत्परता दिखाते हुये शख्स को निकालकर अस्पताल पहुंचाया और उसकी जान बचाई। सीनियर अफसर भी पुलिसकर्मियों की इस फौरी कार्रवाई की सराहना कर रहे हैं। डीसीपी अतुल कुमार ठाकुर ने बताया कि बुधवार को सूचना मिली थी कि मालवीय नगर के आजाद अपार्टमेंट में एक शख्स चौथी मंजिल से गिरकर रेलिंग में लटका हुआ है। कॉल के बाद एसआई कृष्ण सैनी कांस्टेबल शीशराम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने पाया कि 188 नंबर फ्लैट में रहने वाले किशन कुमार सिर की तरफ से रेलिंग से लटके हुये है। उनका पैर रेलिंग पर बने नुकीले भाले में फंसा हुआ है। पुलिस ने तुरंत एक वेल्डर को बुलाकर ग्रिल काटी और उन्हें बत्रा अस्पताल भिजवाया, जहां उनकी हालत ठीक है। किशन कुमार लॉकडाउन से पहले गुरुग्राम के एक पार्लर में कार्यरत थे। पूछताछ करने पर पता चला कि बरसात के दौरान ऊपर से काफी मिट्टी उनके ग्राउंड फ्लोर पर आ रही थी। वह उसे ही देखने चौथी मंजिल पर गये थे। उनकी सीढ़ियां टूटी हुई थी।

■ पुलिस की तत्परता से बची जान

### बिहार से दिल्ली गांजे की सप्लाई करने वाले तीन पकड़े

नई दिल्ली। द्वारका जिले की एंटी नारकॉटिक्स टीम ने गांजा तस्करी के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 22 किलो गांजा बरामद हुआ है। पकड़े गये तीनों ड्रग तस्करों के नाम सुरेंद्र राय, चंदन कुमार और सुरेश पासवान है। जांच में पता चला कि इनका तस्करी करने का अनोखा तरीका था। दरअसल ये लोग बसों व ट्रेनों में विकलांग बनकर सफर करते थे ताकि इन पर पुलिस का शक न जा सकें। डीसीपी अन्टो अल्फोंस ने बताया की सुरेश गैंग का लीडर है, जो बिहार से ट्रेन और बस के माध्यम से गांजा लेकर दिल्ली आता था। यह एक दिव्यांग के तौर पर सफर किया करता था।

## दो जगहों से लापता तीन बच्चों को पुलिस ने सकुशल बरामद किया

**नई दिल्ली।** एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट ने दो अलग-अलग स्थानों से तीन बच्चों को सकुशल बरामद किया है। इनमें से दो बच्चे समयपुर बादली थाना इलाके से लापता थे, जबकि एक मेरठ से भागकर दिल्ली के दक्षिणी इलाके में रहने लगा था। पुलिस ने समयपुर बादली इलाके से लापता बच्चों को रेलवे की मदद से पटना जक्शन से बरामद किया है। बच्चों को पुलिस टीम लेकर दिल्ली लेकर आ रही है। जानकारी के मुताबिक, गत 28 जुलाई को समयपुर बादली थाने पुलिस को दो बच्चों के लापता होने की सूचना मिली थी। बच्चों की उम्र 12 और 13 वर्ष थी। पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर बच्चों की तलाश शुरू कर दी। जांच के दौरान पुलिस टीम को पता चला कि दोनों बच्चे ट्रेन से बिहार जा रहे हैं। पुलिस टीम ने तुरंत ट्रेन के टीटीई से संपर्क किया। इसके बाद टीटीई ने ट्रेन ने दोनों बच्चों को ट्रेन में तलाशा। बच्चों के मिलने के बाद उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने दोनों बच्चों को को पटना जक्शन पर उतार लेने को कहा। इसके बाद टीटीई ने रेलवे प्रशासन की मदद से दोनों बच्चों को वहीं स्टेशन पर सकुशल उतार लिया। फिलहाल पुलिस यह पता लगाने की कोशिश में जुटी है। इन बच्चो को कौन लेकर जा रहा था। वहीं, दक्षिणी दिल्ली के एएचयूटी को सूचना मिली कि कस्तूरबा नगर, आश्रम गृह में रहने वाला रोहन (10) लापता हो गया है। पुलिस ने तुरंत मामला दर्ज कर उसे तलाशना शुरू किया। पुलिस ने उसे तलाश लिया। पूछने पर उसने बताया कि वह मूलरूप से मेरठ का रहने वाला है। एक महीने पहले वह वहां से भाग कर दिल्ली आ गया था। इसके बाद पुलिस ने उसके परिजनों को उसकी सूचना दे दी है।

### बकरीद की तैयारियों को लेकर प्रशासन अलर्ट

# पुलिस ने की इमामों और मौलवियों के साथ बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

ईद के त्यौहार में महज दो दिन का समय शेष रह गया है। सुरक्षा और गाइडलाइंस का पालन करवाने के लिये दिल्ली पुलिस भी अपनी तैयारी कर रही है। इसी के चलते मौलवियों और इमामों के साथ द्वारका पुलिस ने बैठक की है। उत्तम नगर थाने एसएचओ राम किशोर द्वारा बुलाई गई मीटिंग में दर्जनों मस्जिदों के मौलवी और इमाम पहुंचे। इस दौरान उन्हें कोरोना वायरस से बचाव के लिए सरकार द्वारा जारी की गई गाइडलाइंस से अवगत करवाया और आग्रह किया गया कि वह ईद के दिन जरुरी दिशा निर्देशों का पालन करें। एडिशनल डीसीपी आर पी मीणा ने बताया की ईद के दिन मस्जिदों में नमाज पढ़ने वाले लोगों की संख्या अधिक हो जाती है। इस बार चूंकि कोरोना महामारी फैली हुई है इसलिये सोशल डिस्टेंस का विशेष ध्यान रखने की जरुरत है। इसलिए पुलिस आग्रह कर रही है कि ईंद का त्यौहार मनाने वाले सभी लोग एहतियातन गाइडलाइंस का पालन करें।




**श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय**
SVSU
(अधिनियम 25 ऑफ 2016 द्वारा अधिनियमित, हरियाणा राज्य)

**विज्ञापन सं. एसवीएसयू/2020/स्था./003**

निम्नलिखित पदों पर 6 माह हेतु अनुबंधात्मक नियुक्ति के लिये पात्र उम्मीदवारों से निर्धारित प्रपत्र पर आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं :-
(1) डीन-(एक) (2) उप निदेशक, उद्योग समन्वय प्रकोष्ठ-(एक) (3) उप प्रशिक्षण एवं स्थापन अधिकारी-(एक)

इच्छुक उम्मीदवार अपने आवेदन निर्धारित प्रपत्र में स्पीड पोस्ट / पंजीकृत पोस्ट के माध्यम से डिप्टी रजिस्ट्रार (स्था.), श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय, प्लॉट नं. 147, सेक्टर-44, गुरुग्राम, हरियाणा-122003" के पास 14 अगस्त 2020 को अप. 5.00 बजे या उससे पूर्व पहुंच जाने चाहिएं। विश्वविद्यालय किसी प्रकार की डाक में देरी के लिये उत्तरदायी नहीं होगा। योग्यता और अनुभव के सम्बन्ध में विवरण निहित जानकारी शीट सहित आवेदन प्रपत्र विश्वविद्यालय वेबसाइट www.svsu.ac.in से डाउनलोड कर सकते हैं।

पीआरडीएच-2208/11/8/2021/82045 दि. 30.07.20 रजिस्ट्रार



**एफसीएस सॉफ्टवेयर सोल्यूशंस लिमिटेड**
FCS The efficiency catalyst
CIN No. L72100DL1993PLC179154
**पंजी. कार्यालय** : 205, द्वितीय तल, अग्रवाल चेम्बर IV, 27, वीर सावरकर ब्लॉक, विकास मार्ग, शकरपुर, दिल्ली-92
**कार्पोरेट कार्यालय** : प्लॉट नं. 83, एनएसईजैड, नोएडा दादरी रोड, फेज-II, गौतमबुद्ध नगर, नोएडा-201305

**31 मार्च 2020 को समाप्त तिमाही और समाप्त वर्ष हेतु एफसीएस सॉफ्टवेयर सोल्यूशंस लिमिटेड के समेकित अंकेक्षित वित्तीय परिणाम भारतीय लेखा मानकों (Ind-AS) के अनुपालन में तैयार किये गये** (रु. लाखों में)

| विवरण | समाप्त तिमाही 31 मार्च 2020 अंकेक्षित | समाप्त वर्ष 31 मार्च 2020 अंकेक्षित | समाप्त वर्ष 31 मार्च 2019 अंकेक्षित |
|---|---|---|---|
| प्रचालनों से कुल आय (शुद्ध) | 931.68 | 3,733.11 | 4,040.36 |
| कर के बाद साधारण गतिविधियों से शुद्ध लाभ (+)/हानि (-) | (1,581.01) | (2,380.26) | (16,427.88) |
| कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ (+)/हानि (-) (असाधारण मदों के बाद) | (1,581.01) | (2,380.26) | (16,427.88) |
| इक्विटी शेयर कैपिटल | 17,095.53 | 17,095.53 | 17,095.53 |
| पूर्ववर्ती लेखा वर्ष की बैलेंस शीट के अनुरूप पुनर्मूल्यांकन रिजर्व्स को छोड़कर रिजर्व | 661.04 | 661.04 | 2,992.60 |
| अर्जन प्रति शेयर (रु.) * (वार्षिकृत नहीं) | | | |
| असाधारण मदों से पूर्व बेसिक (रु. में) | (0.09) | (0.14) | (0.96) |
| असाधारण मदों से पूर्व डायल्यूटेड (रु. में) | (0.09) | (0.14) | (0.96) |
| असाधारण मदों के बाद बेसिक (रु. में) | (0.09) | (0.14) | (0.96) |
| असाधारण मदों के बाद डायल्यूटेड (रु. में) | (0.09) | (0.14) | (0.96) |

टिप्पणी :
1) स्टैंडअलोन जानकारी

| विवरण | समाप्त तिमाही 31 मार्च 2020 अंकेक्षित | समाप्त वर्ष 31 मार्च 2020 अंकेक्षित | समाप्त वर्ष 31 मार्च 2019 अंकेक्षित |
|---|---|---|---|
| प्रचालनों से कुल आय (शुद्ध) | 928.69 | 3,688.48 | 3,962.00 |
| कर के बाद साधारण गतिविधियों से शुद्ध लाभ (+)/हानि (-) | (1,184.87) | (1,056.18) | 178.61 |
| कर के बाद अवधि हेतु शुद्ध लाभ (+)/हानि (-) (असाधारण मदों के बाद) | (1,184.87) | (1,056.18) | 178.61 |
| इक्विटी शेयर कैपिटल | 17,095.53 | 17,095.53 | 17,095.53 |
| असाधारण मदों से पूर्व बेसिक (रु. में) | (0.069) | (0.062) | 0.010 |
| असाधारण मदों से पूर्व डायल्यूटेड (रु. में) | (0.069) | (0.062) | 0.010 |
| असाधारण मदों के बाद बेसिक (रु. में) | (0.069) | (0.062) | 0.010 |
| असाधारण मदों के बाद डायल्यूटेड (रु. में) | (0.069) | (0.062) | 0.010 |

2) उपरोक्त सेबी (लिस्टिंग एवं अन्य घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजेज के पास दायर किये गये तैमाहिक / वार्षिक वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सार है। तैमाहिक / वार्षिक वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज वेबसाइट्स पर बीएसई (www.bseindia.com) पर, एनएसई (www.nseindia.com) पर और कम्पनी की वेबसाइट्स (www.fcsltd.com) पर उपलब्ध हैं।

निदेशक मंडल के आदेशानुसार
कृते एफसीएस सॉफ्टवेयर सोल्यूशंस लि.
हस्ता/-
(निदेशक)

स्थान : नोएडा
दिनांक : 29.07.2020

